काश मेरा घर हो बाबा

काश मेरा घर हो बाबा, तेरे खाटू धाम में
आन बसु मैं भी बाबा-2, तेरे खाटू धाम में

खाटू की भूमि है पावन, बाबा की राजधानी
इस भूमि के कण कण में, बसता शीश का दानी
हर कोई आना चाहे बाबा-2, तेरे खाटू गांव में
काश मेरा घर....

मंदिर की घण्टी से मेरे, दिन की हो शुरुआत
सुबह शाम दिन रात हो, श्याम नाम बरसात
घर मेरा बन जाये बाबा-2, मंदिर के पास में
काश मेरा घर हो.....

आस मेरी पूरी करदो, करदो ये अहसान
चरणों में तेरे जगह मिले, करू ना कभी अभिमान
बस जाए "गोपाल" भी बाबा-2, आके खाटू धाम में
काश मेरा घर हो.....

भजन लेखक:-
गोपाल गोयल "श्याम दिवाना"
(9811845745)

Album Name:- "हमारे दो रिश्तेदार"

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2412/title/kash-mera-ghar-ho-baba-tere-khatu-dham-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |